# MJ-1056

## B.A. (Part - II)

Term End Examination, March-April, 2022

## HINDI LITERATURE

Paper - I

## अर्वाचीन हिन्दी काव्य

*Time* : Three Hours] [*Maximum Marks* : 75

[*Minimum Pass Marks* : 25

**नोट** : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं। अशुद्धि, अस्वच्छता एवं अनर्गल लेखन पर अंक काटे जाएंगे।

1. निम्नलिखित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7×3

(क) ''जब तक अविधा का अंधेरा हम मिटायेंगे नहीं,
जब तक समुज्ज्वल ज्ञान का आलोक पाबेंगे नहीं,
तब तक भटकना व्यर्थ है सुख सिद्धि के संधान में,
पाये बिना पथ पहुँच सकता कौन इष्ट स्थान में॥''

***अथवा***

प्रेम अर्चना यही करें हम मरण को बरण!
स्थापित कर कंकाल, भरें जीवन का प्रांगण।
शब को दें हम रूप, रंग, आदर मानव का
मानव को हम कुत्सित चित्र बना दें शब का॥

(ख) तुम्हारी बांह में बल है जमाने का
तुम्हारी बोल में जादू जगत का है
कभी कुटिया निवासी बन जरा देखो
कि दलिया न्यौत्तता रमलू भगत है।

***अथवा***

वह तोड़ती पत्थर, देखा मैंने उसे इलाहाबाद
के पथ पर।
वह तोड़ती पत्थर, कोई न छायादार।
पेड़ वह किसके तले बैठी हुई स्वीकार
श्यामतन, भर बंधा यौवन
नत नमन, प्रिय कर्म, रत मन
गुरु हथौड़ा हाथ,
करती बार-बार प्रहार
सामने तरु मालिका, अट्टालिका, प्राकार।

(ग) घर, है कहाँ जिनकी हम बात करते हैं
घर की बातें
सबकी अपनी है
घर की बातें
कोई किसी से नहीं करता
जिनकी बातें होती हैं
वे घर नहीं हैं।

***अथवा***





सफल आज उसका तप संयम
पिला अहिंसा स्तन्य सुधोपम,
हरती जन-मन भय, भव-तम-श्रम,
जग जननी,
जीवन विकासिनी।

2. मैथिलीशरण गुप्त आधुनिक युग के प्रतिनिधि कवि हैं। इस कथन की समीक्षा कीजिए। 12

***अथवा***

"निरालाजी की कविताओं में प्रगतिवादी विचारधारा की सफल अभिव्यक्ति हुई है।" इस कथन की समीक्षा कीजिए।

3. "माखनलाल चतुर्वेदी को राष्ट्रकवि माना जाता है।" आप इस मत से कहाँ तक सहमत हैं? उदाहरण सहित उत्तर दीजिए। 12

***अथवा***

"अज्ञेय को प्रयोगवाद का जनक कहा जाता है।" इस कथन को सोदाहरण सिद्ध कीजिए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 3×5

(*i*) सुभद्रा कुमारी चौहान का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(*ii*) अयोध्या सिंह उपाध्याय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालिए।

(*iii*) राष्ट्रीय काव्यधारा की प्रमुख विशेषताएँ बताइए।

(iv) छायावाद काव्य पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

(v) प्रयोगवाद

(vi) श्रीकांत वर्मा के काव्य की कलापक्षीय विशेषताएँ

(vii) नई कविता की प्रमुख विशेषताएँ

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 15

(i) 'साकेत' किसकी काव्य कृति है?

(ii) मैथिलीशरण गुप्त का जन्म कब हुआ था?

(iii) 'जूही की कली' किसकी कविता है?

(iv) निराला किस युग के कवि हैं?

(v) सुमित्रानंदन पंत का जन्म कहाँ और कब हुआ था?

(vi) 'परिवर्तन' और 'ताज' शीर्षक कविता के कवि कौन हैं?

(vii) 'लोकायतन' कृति के रचयिता कौन हैं?

(viii) 'उलाहना' कविता में किस पर व्यंग्य है?

(ix) 'अज्ञेय' का पूरा नाम क्या है?

(x) 'तारसप्तक' के संपादक कौन थे?

(xi) छायावादी काव्यधारा के तीन कवियों के नाम बताइए।

(xii) नई कविता का जन्म कब से माना गया है?

(xiii) 'प्रिय प्रवास' किसकी रचना है?

(xiv) 'बादल' किसकी रचना है?

(xv) 'मुक्त छंद' के प्रणेता कवि का नाम लिखिए।

# MJ-1057

**B.A. (Part-II)**

Term End Examination, March-April, 2022

**Hindi Literature**

Paper - II

हिन्दी निबंध तथा अन्य गद्य विधाएं

*Time* : Three Hours] [*Maximum Marks* : 75

[*Minimum Pass Marks* : 25

**नोट** : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं। अशुद्धि, अस्वच्छता एवं अनर्गल लेखन पर अंक काटे जाएँगे। प्रत्येक उत्तर की समाप्ति पर समाप्ति सूचक चिह्न का प्रयोग अवश्य करें।

1. निम्नलिखित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7×3

(क) कोकिल बायस एक सम, पण्डित मूरख एक।
इन्द्रायन दाड़िम विषय, जहाँ न नेकु विवेकु।
बसिये ऐसे देश नहिं, कनक वृष्टि जो होय।
रहिए तो दुख पाइये, प्रान दीजिए रोय॥

***अथवा***

*(Turn Over)*

इनमें दो बात हैं — एक तो नगर भर में राजा के न्याय के डर से कोई मुटाता ही नहीं, दूसरे और किसी को पकड़ें तो न जाने क्या बात बनावे कि हमी लोगों के सिर कहीं न घहराय और फिर इस राज में साधू महात्मा इन्हीं लोगों की दुर्दशा है, इससे तुम्हीं को फाँसी देंगे।

(ख) "अमराई से जुड़ने का अर्थ होता है, बसंत से जुड़ना, बसंत की तैयारी से जुड़ना, जीवन की नवीकरण की प्रक्रिया से जुड़ना, शक्ति से सघन श्यामल प्रसार से जुड़ना, संगीत मातृका दूर्वादल-श्यामा महामातंगी से जुड़ना, पूर्णपातन, पल्लवन, कुसुमन और फलन की समग्रता से जुड़ना। मनुष्य के एकांत विश्वास से जुड़ना और धरती उमंग की आकाश के स्वस्ति वाचन से जुड़ना।"

*अथवा*

मुझे लगता है कि बसन्त भागता-भागता चलता है। देश में नहीं, काल में, किसी का बसन्त पन्द्रह दिन का है, तो किसी का नौ महीने का। मौजी है, अमरूद। बारहों महीने इसका बसंत ही बसंत है। हिन्दी भवन के सामने गंघराज पुष्पों की





पाँत है। ये अजीब है, वर्षा में खिलते हैं लेकिन ऋतु विशेष के उतने कायल नहीं हैं। पानी पड़ गया तो आज भी फूल ले सकते हैं। कवियों की दुनिया में जिसकी कभी चर्चा नहीं हुई, ऐसी एक घास है - विष्णुकान्ता। हिन्दी भवन के आंगत में बहुत है। कैसा मनोहर नाम है। फूल और भी मनोहर होते हैं। जरा-सा आकार होता है, पर बलिहारी उस नीले मेदुर रूप की।

(ग) "और जीनत! हमारी बेटी! आज इस आखिरी वक्त में हमारे बिस्तर के नजदीक हमारा एक भी बेटा नहीं है। ऐसे बाप को तुम क्या कहोगी जिसने बादशाहत में खलल पड़ने के वहम से अपने कलेजे के टुकड़ों को सजा देकर हमेशा कैदखाने में रखा? अपने नजदीक आने भी नहीं दिया! (सोचते हुए) हमारे कैदी बच्चों! तुम बदकिस्मत हो कि आलमगीर तुम्हारा बाप है। तुमने और कोई गुनाह नहीं किया। तुम लोगों का सिर्फ यही गुनाह है कि तुम औरंगजेब के बेटे हो! आज तुम्हारा बाप मौत के दरवाजे पर पहुंच कर तुम्हें याद कर रहा है।"

*अथवा*

"भाईजान, शादी एक गहरी समस्या है, आप उसके साथ खिलवाड़ नहीं कर सकते। मैं पूछता हूँ, आप फैक्ट्री में तो हर तरह का विज्ञान, कानून, विशिष्ट ज्ञान लगाते हैं, फिर क्या कारण है कि जीवन को ऐसे परमात्मा के भरोसे छोड़ दिया जाये कि उसमें आदमी को सस्ती-से-सस्ती और निकम्मी-से-निकम्मी शक्तियाँ ही सिर्फ काम में लायी जाएँ। आप कहते हैं, मैं औरत को समझ नहीं पाता। जनाब, यह सब कोरी बातें हैं, बातें। समझने की क्या जरूरत है? मशीन की एक पुली दूसरी पुली को नापने, जोखने समझने नहीं जाती। स्त्री-पुरुष तो मशीन के दो पुरजे हैं-दो!"

2. अंधेर नगरी पाठ का मूल उद्देश्य क्या है? आपने इस पाठ से क्या शिक्षा ग्रहण की? अपने शब्दों में लिखिए। 12

***अथवा***

क्रोध कितने प्रकार के होते हैं? आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के 'क्रोध' नामक निबंध के आधार पर इसकी विवेचना कीजिए।





3. 'औरंगजेब की आखिरी रात' एकांकी का सारांश लिखिए। 12

***अथवा***

एकांकी के तत्वों के आधार पर उदयशंकर भट्ट कृत 'दस हजार' एकांकी की समीक्षा कीजिए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 5×3

(*i*) महादेवी वर्मा का संक्षिप्त जीवन परिचय

(*ii*) 'हबीब तनवीर' के नाटक

(*iii*) ललित निबंध और विद्या निवास मिश्र

(*iv*) राहुल सांकृत्यायन का यात्राबोध

5. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 15

(*i*) आधुनिक युग के जनक कौन हैं?

(*ii*) 'काव्येषु नाटकं रम्यम्' के लेखक कौन हैं?

(*iii*) नाटक के तत्वों के नाम लिखिए।

(*iv*) डॉ० लक्ष्मीनारायण लाल कृत तीन एकांकी नाटकों के नाम लिखिए।

(*v*) 'स्ट्राइक' एकांकी के रचनाकार कौन हैं?

(*vi*) 'दस हजार' एकांकी में किसका चित्रण किया गया है?

(*vii*) 'एक दिन' एकांकी का उद्देश्य एक वाक्य में लिखिए।

(*viii*) 'स्ट्राइक' एकांकी के मुख्य पात्र कौन-कौन हैं?

(*ix*) औरंगजेब की आखिरी रात एकांकी का अंगी रस कौन सा है?

(*x*) हबीब तनवीर के किन्हीं तीन नाटकों का नाम लिखिए।

(*xi*) 'उस अमराई ने राम-राम कही है' किस तरह का निबंध है?

(*xii*) 'कुछ गहरे कुछ उथले' निबंध के निबंधकार का नाम लिखिए।

(*xiii*) 'वसन्त आ गया है' के लेखक कौन हैं?





(*xiv*) 'बैर क्रोध का आचार या मुरब्बा है।' किसने कहा है?

(*xv*) 'एक दिन' एकांकी के प्रमुख पात्रों के नाम लिखिए।

---